Title: Need to release adequate funds for early completion of construction work of Gosekhurd Irrigation Project in Maharashtra. - Laid

श्री नामदेव हरबाजी दिवाथे (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय, गोसेखुर्द सिंचन परियोजना का भूमिपूजन दिनांक 22.4.1988 को हुआ। आज तक इस सिंचन परियोजना का कार्य पूरा होने को होना या जिससे किसान लोगों को सिंचन का लाभ मिला रहता। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। वर्ा 1988 में इस परियोजना की अंदाजे कीमत रू0 700 कोटी थी, आज इसकी कीमत रू0 2092 कोटी हो गयी है। सिर्फ नवम्बर, 2001 तक रू0 745.67 कोटी खर्चा हो चुका है। निधि के अभाव से यह काम मंद गति से चल रहा है और दिनोंदिन इसकी कीमत बढ़ जायेगी। इसलिए मैं केन्द्र सरकार को विनती करता हूं कि गोसेखुर्द सिंचन परियोजना के लिए रू0 500 कोटी प्रदान करे, जिससे मेरे निर्वाचन क्षेत्र में सिंचन का लाभ मिले।